जीवाजी का म्यूजियम

सहेज कर रखी है ग्वालियर की पुरा-विरासत

गुप्तेश्वर उत्खनन के दुर्लभ पुरावशेष और ग्वालियर अंचल की ऐतिहासिक धरोहर एक ही स्थान पर संजोई गई

बुद्धप्रकाश बौद्ध

ग्वालियर 24अप्रैल. शहर में कई ऐसे संग्रहालय हैं जहां आमजन अपनी ऐतिहासिक विरासत से रूबरू हो सकते हैं। इसी कड़ी में जीवाजी विश्वविद्यालय के इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग में स्थित संग्रहालय विशेष महत्व रखता है। यहां मानव सभ्यता के विकास की कहानी नवपाषाण काल से लेकर आधुनिक काल तक क्रमबद्ध रूप में सहेज कर रखी गई है।

इस संग्रहालय में आदिमानव द्वारा उपयोग किए गए औजार और हथियारों का समृद्ध संग्रह मौजूद है। हस्तकुठार, विदारक, खुरचनियां, शिकार के उपकरण, बोधिसत्व गौतम बुद्ध की प्रतिमा और प्राचीन खिलौने यहां सुरक्षित हैं। ये अवशेष न केवल छात्रों के अध्ययन का प्रमुख आधार हैं, बल्कि मानव जीवन के प्रारंभिक संघर्ष और विकास की यात्रा को भी दर्शाते हैं।

इसके अलावा यहां लौह अयस्क, टेराकोटा के मनके तथा मौर्य से गुप्त काल तक की विभिन्न वस्तुएं भी संरक्षित हैं, जो उस समय की सामाजिक और सांस्कृतिक स्थिति की झलक प्रस्तुत करती हैं।

ग्वालियर अंचल की खुदाई से समृद्ध संग्रह: इस संग्रहालय की विशेषता यह है कि इसमें रखी अधिकांश सामग्री ग्वालियर अंचल के गुप्तेश्वर पहाड़ी, सूरों और जड़ेरुआ गांव में किए गए उत्खनन से प्राप्त हुई है। इनमें गुप्तेश्वर पहाड़ी से मिले पुरावशेष विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। **गुप्तेश्वर उत्खनन: प्रागैतिहासिक जीवन के प्रमाण** गुप्तेश्वर पहाड़ी पर उत्खनन कार्य 1970-80 के दशक में प्रख्यात पुरातत्वविद् पद्मश्री से सम्मानित बी वी लाल के नेतृत्व में प्रारंभ किया गया था। जो कि उस समय के जीवाजी यूनिवर्सिटी के विभागाध्यक्ष रहे। इस उत्खनन में पुरापाषाण काल से लेकर आधुनिक काल तक के शैलचित्र, हस्तकुठार और विदारक जैसे महत्वपूर्ण अवशेष प्राप्त हुए, जो क्वार्टजाइट और सैंडस्टोन पत्थरों से निर्मित हैं।

इतिहासकारों के अनुसार, गुप्तेश्वर क्षेत्र पूर्व पाषाण काल से मध्यपाषाण काल तक प्रागैतिहासिक मानव का निवास केंद्र रहा है। उस समय मानव वनस्पतियों और शिकार पर निर्भर था तथा जंगलों में जीवन यापन करता था। चॉपर-चॉपिंग उपकरणों से संबंधित संस्कृति की तिथि लगभग एक लाख वर्ष पूर्व मानी गई है, जबकि अश्युलीयन संस्कृति का काल 1 लाख से 40 हजार वर्ष पूर्व तक आंका गया है।

इनका कहना है ...

यह संग्रहालय विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए एक जीवंत प्रयोगशाला की तरह है। यहां संरक्षित सामग्री के माध्यम से छात्र प्रागैतिहासिक काल से लेकर ऐतिहासिक काल तक के मानव विकास को प्रत्यक्ष रूप में समझ पाते हैं।

डॉ. शान्तिदेव सिसोदिया, विभागाध्यक्ष

शोधार्थियों की राय

इस संग्रहालय में रखी सामग्री से यह स्पष्ट होता है कि मानव सभ्यता ने किस प्रकार कठिन परिस्थितियों में विकास किया और समय के साथ अपने जीवन को बेहतर बनाया। आदित्य पाथरे, वर्षा कटारे, शुभम भारती, अनन्या बघेल, सोनिया वर्मा, अभिषेक, हर्षिता, और कपिल आदि विद्यार्थी व शोधार्थी मौजूद रहे।

प्रिया सुमन , शोधार्थी इतिहास

यहां संरक्षित वस्तुएं केवल किताबों तक सीमित ज्ञान को व्यावहारिक रूप में देखने का अवसर देती हैं, जिससे अध्ययन और अधिक प्रभावी बनता है।

राहुल कुमार , शोधार्थी इतिहास

गुप्तेश्वर उत्खनन से प्राप्त अवशेष इस क्षेत्र की ऐतिहासिक समृद्धि को दर्शाते हैं और शोध के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रदान करते हैं।

इस संग्रहालय में उपलब्ध प्राचीन औजार मानव के शुरुआती जीवन संघर्ष को समझने में बेहद सहायक हैं। **राहुल बैरया शोधार्थी**

जड़ेरुआ उत्खनन: 2500 साल पुराने साक्ष्य: जड़ेरुआ गांव में अप्रैल 1972 में किए गए उत्खनन में लगभग 2500 वर्ष पुराने अवशेष प्राप्त हुए। यहां से भाले, तीर, एक बड़ा हंसिया तथा प्राचीन सिक्के मिले हैं, जो उस समय के जीवन और तकनीक की महत्वपूर्ण जानकारी देते हैं।

आईटीएम में तीन दिवसीय टेकफेस्ट 'क्रोनोज-2026' का हुआ शुभारंभ

टेक्निकल और नॉन टेक्निकल ईवेंट्स में 1000 छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 24 अप्रैल। आईटीएम में तीन दिवसीय टेकफेस्ट 'क्रोनोज-2026' का शुभारंभ किया गया। जहां वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और खेलों में बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसका संचालन छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। संस्थान के विक्रम साराभाई ब्लॉक स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया सभागार में शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान की निदेशक डॉ. मीनाक्षी मजूमदार शामिल हुईं। इस अवसर पर डीन रिसर्च डॉ. एसएस चौहान, डीन आईक्यूएसी डॉ. राजीव सिंह राठौर, डीन एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डीएसडब्ल्यू डॉ. नितिन दीक्षित सहित विभिन्न विभागों के विभागध्यक्ष, डीन, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर असिस्टेंट प्रोफेसर सहित विभिन्न जिलों से आए कॉलेज और शिक्षण संस्थाओं के एक हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। वहीं क्रोनोज प्रेसिडेंट हर्ष सिंह सेंगर, सेक्रेटरी अर्पित वर्मा, अथर्व भार्गव और देवांश माथुर सहित अन्य छात्र-छात्राओं को टेकफेस्ट क्रोनोज समिति में शामिल किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और संस्थान की निदेशक डॉ. मीनाक्षी मजूमदार ने कहा कि क्रोनोज जैसे मंच न केवल प्रतिभा को निखारते हैं, बल्कि छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और टीम वर्क को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

प्रेसिडेंट हर्ष सिंह सेंगर ने टेकफेस्ट के बारे में विस्तार से बताया। वहीं अथर्व भार्गव ने विभिन्न तकनीकी, सांस्कृतिक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं की झलक प्रस्तुत करते हुए आयोजन की जानकारी साझा किया।

मुख्यमंत्री पेंशनर्स को दें 2 फीसदी डीआर एवं फ्री चिकित्सा सुविधा

ग्वालियर। भारत सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों एवं पेंशनर को 2 फीसदी डीए की घोषणा एक जनवरी से की है एवं नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा पूर्व से ही प्रदान कर रही है। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ मध्य प्रदेश के प्रांताध्यक्ष आर एस तरेटिया एवं पेंशनर एसोसिएशन एक मंच एक आवाज़ मध्य प्रदेश की प्रांताध्यक्ष गीता भारद्वाज ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि मध्य प्रदेश के पेंशनर्स को तत्काल केंद्र के समान महंगाई भत्ता दिया जावे और बिना कटौती के 2 फीसदी डीआर की घोषणा की जावे। दोनों पेंशनर नेताओं ने बताया कि देश के सभी राज्यों द्वारा बिना कटौती किए पेंशनर्स को केंद्र के समान डी आर केंद्र की घोषणा के साथ ही दे दिया जाता है फिर मध्य प्रदेश सरकार अपने पेंशनर्स को क्यों नहीं देती ।

मेहनत और सोशल मीडिया से दूरी से मिलती है सफलता : बोहरे

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 24अप्रैल। आज पीजीव्ही उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में विद्यालय में उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष ने कहा कि यदि छात्र मेहनत करें और सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखें तो वे अच्छी सफलता अवश्य प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय के प्राचार्य नरेश कुमार शर्मा ने सभी छात्रों को अच्छे अंक लाने के लिए बधाई दी और मिष्ठान के साथ उनका मुंह मीठा किया। पूर्व पार्षद विनोद अस्तेय ने भी सभी छात्रों को बधाई दी। विद्यालय में हाई स्कूल परीक्षा में प्रथम स्थान श्रेयांश प्रजापति ने 95.8 प्रतिशत अंक तथा द्वितीय स्थान वैभव मंगल ने 94 फीसदी अंक प्राप्त किए। हायर सेकेंडरी परीक्षा में विज्ञान संकाय में शिवकुमार शर्मा ने

91 फीसदी अंक प्राप्त किए। जबकि वाणिज्य संकाय में कुमारी वंशिका जैन ने 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की ओर से नगद राशि छात्रों को पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई। साथ ही विद्यालय के पूर्व वाणिज्य शिक्षक पद्माकर मोगे द्वारा भी छात्रों को नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। माधव शिक्षा महाविद्यालय के विभाग अध्यक्ष डॉ. विकास गोरे ने भी अपनी माता श्री की स्मृति में छात्रों को नगद राशि से पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन रविता चौहान ने तथा आभार प्रदर्शन नीलम श्रीवास्तव ने किया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त छात्र- छात्राएं, शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

निगमायुक्त ने की राजस्व वसूली की समीक्षा, पिछले वर्ष की तुलना में कम वसूली पर जताई नाराजगी

ग्वालियर 24 अप्रैल। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान वर्ष 2024-25 की तुलना में 2025-26 में राजस्व कम वसूली करने पर नाराजगी व्यक्त की तथा वित्तीय वर्ष में निर्धारित किए गए लक्ष्य के अनुरूप हर हाल में राजस्व वसूली करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त प्रदीप तोमर, उपायुक्त सुनील चौहान, कार्यालय अधीक्षक प्रमेन्द्र जादौन, सभी राजस्व टीसी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बाल भवन के टीएलसी कक्ष में आयोजित बैठक में राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2024-25 में 8.58 करोड राजस्व प्राप्त हुआ था तथा वर्ष 2025-26 में 7.35 करोड राजस्व प्राप्त हुआ था। जिस पर निगमायुक्त संघ प्रिय ने नाराजगी व्यक्त की तथा गत वर्ष का राजस्व 30 जून तक वसूलने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

स्टील फैक्ट्री में फांसी पर लटका मिला युवक

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 24अप्रैल। एक युवक की पेड़ पर फांसी के फंदे से लटकी लाश मिली है। घटना गोला का मंदिर स्थित बंद पड़ी स्टील फैक्ट्री के जंगल में गुरुवार दोपहर की है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर लिया है। फिलहाल पता नहीं चला है कि मृतक कौन था और कहां का रहने वाला है।

गोला का मंदिर थाना पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि बंद पड़ी स्टील फैक्ट्री में एक युवक की पेड़ से लाश लटकी है। इसका पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर शव को पीएम हाउस पहुंचा दिया है। फिलहाल पता नहीं चला है कि मृतक कौन था और किन कारणों से उसने सुसाइड किया है। मृतक की उम्र करीब 35 से 40 साल के बीच है।

शर्ट का फंदा बनाकर लटका मिला

पुलिस ने बताया कि मृतक शर्ट का फंदा बनाकर लटका हुआ था। उसके पास से न तो कोई दस्तावेज या अन्य कोई ऐसी चीज मिली है, जिससे उसकी पहचान हो सके। फिलहाल जिले के साथ ही अन्य जिलों को इसकी सूचना दे दी है।

इनका कहना है ...

एक युवक की फांसी के फंदे पर लटकी लाश बंद पड़ी स्टील फैक्ट्री में मिली है। मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

धर्मेन्द्र सिंह यादव, टीआई गोला का मंदिर

शोभा यात्रा आज

ग्वालियर। आज 25 अप्रैल शनिवार को दोपहर 2 बजे से कायस्थ महिलाओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उसके बाद शाम 5 बजे से एक वृहद शोभा यात्रा आयोजन भगवान श्री चित्रगुप्त धाम सर्व देव मंदिर में किया जाएगा। शोभायात्रा का कायस्थ छात्रावास दौलतगंज से प्रारंभ होकर महाराज बाड़ा, सराफा बाजार, डीडवाना ओली, राम मंदिर पाटनकर बाजार होते हुए वापस कायस्थ छात्रावास दौलतगंज पर समाप्त होगी।

दक्षित
(दया शंकर भारतीय)
को
प्रथम वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई

तुम जियो हजारों साल, साल के दिन हों पचास हजार

शुभकामनाएं, शुभ आशीर्वाद

आशीर्वादकर्ता- पिता देवराजन भारतीय, मां श्रृष्टि भारतीय, दादाजी गोपीलाल भारतीय (पूर्व उपाध्यक्ष जीडीए), दादी कैलाशी भारतीय, ताऊ पारस भारतीय, ताई रेखा भारतीय

नाम परिवर्तन सूचना

मैं अंजलि कुश्वाह पुत्री रामरुप सिंह कुश्वाह निवासी- हाउस नं. 26, क्यू ब्लॉक, शताब्दीपुरम, फेस- 02, जिला ग्वालियर म.प्र. पिन कोड- 474020. मेरी जन्म दिनांक 06/11/2000 है। मेरी पिताजी का नाम रामरुप सिंह एवं मेरी माता जी का नाम शशी देवी, मेरी सी.बी.एस.ई बॉर्ड में 10 वीं एवं 12 वीं की मार्कशीट में गलत नाम अंकित है। मेरी माता का सही नाम शशी कुश्वाह एवं पिता का सही नाम रामरुप सिंह कुश्वाह है। जो कि सही है। अत: माता-पिता का सही नाम अंकित कराना है। और यही नाम सत्य व सही है। जो मान्य होंगे।

नाम परिवर्तन सूचना

मुझ प्रार्थी का सही नाम बहादुर सिंह (BAHADUR SINGH) है जो कि मेरे खसरा, वोटरकार्ड, जाति और आदि दस्तावेजों में दर्ज है। आधार कार्ड में मेरा घरू नाम रविन्द्र सिंह राना है। रविन्द्र सिंह राना और बहादुर सिंह दोनो ही नाम मुझ एक ही व्यक्ति के है। अत: इस सूचना प्रकाशन उपरांत मेरे आधार कार्ड एवं समस्त शासकीय, अशासकीय दस्तावेजों और आदि में मेरा नाम रविन्द्र सिंह राना (RAVINDRA SINGH RANA) के स्थान पर बहादुर सिंह (BAHADUR SINGH) दर्ज किया जावे व भविष्य में मुझे बहादुर सिंह (BAHADUR SINGH) के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा लिखा जावे।

पुराना नाम
रविन्द्र सिंह राना (RAVINDRA SINGH RANA)
नया नाम बहादुर सिंह (BAHADUR SINGH)
पिता- श्री राम भरोसे राना (RAM BHAROSE RANA)
निवासी: अमित बिहार लेदर फैक्टरी कॉलोनी मुरार गवालियर म.प्र.-474006

नाम परिवर्तन सूचना

मैं **शिवम सिंह परिहार** (SHIVAM SINGH PARIHAR) पुत्र श्री भुपाल सिंह सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरा पूर्व का नाम (PARIHAR SHUBHAM) था जो मेरे आधार कार्ड में लिखा गया है जो कि गलत है जबकि वर्तमान एवं भविष्य में में **शिवम सिंह परिहार** के नाम से जाना पहचाना एवं पुकारा जाता हूं एवं जाउंगा। जो मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं अन्य प्रपत्रों में लिखा गया है **शिवम सिंह परिहार** एवं **परिहार शुभम** दोनों मेरे ही नाम हैं अत: मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम परिहार शुभम के स्थान पर शिवम सिंह परिहार लिखा एवं पढ़ा जावे। आमजन एवं सर्वजन सूचित हो ।

पूर्व-नाम परिहार शुभम
वर्तमान नाम
शिवम सिंह परिहार पता-सागर विहार कॉलोनी, सागर ताल ग्वालियर, म.प्र.

कल्याणकारी समाज भारतीय संविधान का प्रमुख उद्देश्य

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 24अप्रैल। माधव विधि महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के संयोजक सहा. प्राध्यापक खुशहाल झा ने बताया कि कार्यशाला का विषय संविधानिक दायित्व रहा, कार्यशाला में विधि की कक्षा के साथ विधिक विद्यार्थियों के समाज में योगदान एवं समाज की दिशा देने के लिए उनकी भूमिका को स्पष्ट किया गया। आशीष यादव ने राज्य एवम् नागरिक दोनों के संविधानिक दायित्वों से परिचित कराया, साथ ही ड्यूटी, रिस्पांसिबिलिटी, लायबिलिटी, ऑब्लिगेशन में अंतर स्पष्ट किया, विशेष

उल्लेख अनुच्छेद 51(ए) का किया गया जो नागरिकों के कर्तव्य को बताता है, अधिकारों के साथ नागरिक कर्तव्यों को भी प्राथमिकता देना आवश्यक है, कार्यक्रम आयोजक सचिव डॉ. नीति पाण्डेय ने कार्यशाला के महत्त्व को समझाया.

नामांकन विज्ञप्ति/आम-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्र. 09 वार्ड क्रमांक 27 स्थानः बहरा पंडित संतर पर भवन क्र. 2511 स्थित है जो विक्रेता आन्नद कुमार अग्रवाल//एस.एन. अग्रवाल के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रमांक 1000292954 पर दर्ज/नहीं है। जिसका क्षेत्रफल 1272 वर्ग फुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक और आर-12032600414609 दिनांक 14.03.2026 के द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1956 के अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं अन्य उपकार की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र केंद्र टप्पा तहसील मुरार पर दिनांक- 23.04.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य 66/210/76081/76176 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रमांक 202/205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भी अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जाएगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक: 23.04.2026
आवेदक नाम- सीमा अग्रवाल/मनोज अग्रवाल
पता- बहरा पंडित संतर मुरार-27

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्र 02, वार्ड क्रं 09,भवन क्रमांक 93,स्थान रानीपुरा ग्वा0 मे स्थित है जो कि पूर्व से दर्ज देवी प्रसाद / कल्याण प्रसाद के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000127544 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 421 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड ग्रन्थ क्रमांक-169 दिनांक 03.02.2001 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र नौमहला, क्षे.क्र 02, पर दिनांक 24.04.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 61/2010/58231/58437 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता -
श्रीमती उषा/स्व ब्रजेश शर्मा सिमरन,अभिषेक,सात्वना / स्व श्री बृजेश शर्मा
पता-रानीपुरा ग्वा0(मै.प्र.)मो0-9753058338
विज्ञप्ति जारी दिनांक-24.04.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्र 12, वार्ड क्रं 45,स्थान लोहिया बाजार, थोरात की गोठ ग्वा0 मे स्थित है जो कि श्रीमती रूकसाना बेगम/स्व. भूरे खान के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000221172 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 825 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/मृत्युउपरान्त/उत्तराधिकार द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द रोशनी घर, क्षे.क्र 12, पर दिनांक 24.04.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 69/2010/67379/67504 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता -
आयुब खान,आसिम खान/स्व. श्री भूरे खान
पता-लोहिया बाजार,थोरात की गोठ ग्वा0(म.प्र.)
मो0-8269466862
विज्ञप्ति जारी दिनांक-24.04.2026

नवभारत समाचार पत्र

कार्यालय भाऊ साहब पोतनीस इन्कलेव रहवासी सहकारी संस्था मर्या.

एम.आई.टी.एस. कॉलेज के पीछे गोले का मंदिर ग्वालियर (म.प्र.)
(पंजीयन क्रमांक 798 दिनांक 22.06.2020)

क्रमांक:128 **-: कोटेशन सूचना :-** ग्वालियर दिनांक:24.04.2026

समिति के अधीनस्थ भाऊ साहब पोतनीस इन्कलेव फेज - 1 के लिये निम्नलिखित कार्यों के लिये मुहरबन्द कोटेशन पंजीकृत ठेकेदारों / लायसेन्स धारी व्यक्तियों / संस्थाओं से समिति के कार्यालय में दिनांक 15.05.2026 को सांयकाल 5:30 तक निम्नानुसार शर्तों पर आमंत्रित किये जाते है-

स.क्र	कार्य का नाम	कार्य की अवधि	रिमार्क
01	भाऊ साहब पोतनीस इन्कलेव फेज-1 के ब्लॉक ए.बी.सी. की सभी 6 मंजिल इमारतों पर रहवासियों से प्रतिदिन डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, गैलरी सीडियों पर झाडू पोंछा एवं पार्किंग में सफाई की व्यवस्था तथा रहवासियों एवं कैम्पस की सुरक्षा व्यवस्था हेतु निम्नानुसार मैन पावर उपलब्ध कराना आदि कार्य 1- सुपरवाईजर 01 पद 2- सुरक्षा कर्मी बन्दूकधारी 01 पद 3- सुरक्षा कर्मी डण्डाधारी 03 पद 4- माली पार्ट टाईम 01 पद 5- सफाई कर्मी 04 पद सभी कर्मचारी वर्दीधारी होना अनिवार्य है।	12 माह	

1. कोटेशन के साथ उक्त कार्य का पंजीयन प्रमाण पत्र के साथ अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
2. प्रस्तुत कोटेशन की दरें अनुबंध करने के पश्चात 12 माह के लिए लागू रहेगी।
3. कोटेशन स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार समिति को होगा।
4. कार्य की सेवाएँ संतोषजनक न होने पर कभी भी एक माह का नोटिस देकर अनुबंध समाप्त करने का अधिकार समिति को होगा ।
5. कार्य का भुगतान संपादित किए कार्य के समानुपात से चेक के माध्यम से किया जायेगा।

श्रीमती अनुराधा सिंह राठौड़ , अध्यक्ष, भाऊ साहब पोतनीस इन्कलेव फेज-1 रहवासी सहकारी संस्था मर्या. ग्वालियर (म.प्र.)

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमान आविद खॉं पुत्र श्री अच्छन खॉं ने एक अचल संपत्ति जिसका वार्ड नंबर 45 (चम्बल वार्ड), गोकुल धाम कॉलोनी, ग्राम महाराजपुर तहसील मुरैना नगर एवं जिला मुरैना (म.प्र.) के सर्वे क्र. 1068 की होकर जिसकी चतुर्सीमाः- पूर्व में- महबूब खॉं, पश्चिम में- मकान भदोरिया, उत्तर में- राधा तोमर, दक्षिण में- रास्ता 25 फुट चौड़ा व कुल क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है को क्रय करने का लिखतम विक्रय अनुबंध-पत्र संपत्ति मालिक श्रीमती गायत्री शर्मा पत्नी श्री रामनिवास उपाध्याय के साथ संपादित किया है। उक्त संपत्ति पूर्व में श्रीमान मुकेश, केशव, संजय, नरेश पुत्रगण स्व. श्री दीनानाथ, राजबेटी, रामवती पुत्रियाँ स्व. श्री दीनानाथ व श्रीमती कलावती पत्नी स्व. श्री दीनानाथ के स्वत्व, स्वामित्व व संयुक्त आधिपत्य की थी जिसका उल्लेख राजस्व विभाग के दस्तावेजों में विधिवत दर्ज है। तत्पचात, केवल श्रीमती कलावती पत्नी स्व. श्री दीनानाथ द्वारा श्रीमती राधा तोमर पत्नी श्री रामबरन सिंह को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विलेख दस्तावेज क्र. MP25792022A1363110 व दिनांक 31.03.2022 से विक्रय की गई। तदानुसार श्रीमती राधा तोमर पत्नी श्री रामबरन सिंह द्वारा श्रीमती गायत्री शर्मा पत्नी श्री रामनिवास उपाध्याय को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विलेख दस्तावेज क्र. MP25792025A1202614 व दिनांक 24.03.2025 से विक्रय की गई। तदानुसार उक्त संपत्ति के अंश भाग में से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विलेख शीघ्र ही क्रेता के पक्ष में संपादित किया जाने वाला है। अतः उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियाँ इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होंगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। इति दिनांक 24.04.2026

प्रेषक-विशाल अग्रवाल (अधिवक्ता)
कार्यालय -"मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट" ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर मो.9826820987

आठ विनियमित कर्मचारियों की सेवाएँ समाप्त

ग्वालियर 24 अप्रैल। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय द्वारा लगातार बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी के अंतर्गत आज शुक्रवार को लंबे समय से बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर आठ विनियमित कर्मचारियों की सेवा समाप्त की गई। नगर निगम आयुक्त द्वारा जारी आदेशानुसार बृजेन्द्र यादव पुत्र रूपसिंह विनियमित कुशल कार्यशाला पिछले 4 वर्ष से अनुपस्थित, ज्ञान सिंह पुत्र रामस्वरूप विनियमित कुशल कार्यशाला पिछले 6 वर्ष से अनुपस्थित, प्रवीण सर्जे पुत्र प्रकाश सर्जे विनियमित अर्द्धकुशल कार्यशाला पिछले 01 वर्ष से अनुपस्थित था।

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 21 वार्ड क्रमांक 54 स्थान 645,मिस्त्री खाना चना कोठार, कम्पू में स्थित है जो कि लीला बाई/बालकृष्ण नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000151303 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 1685 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र मृत्यु उपरांत दिनांक... से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ऑमखो दिनांक 24/04/2026 को किया गया है. जिसका आवेदन का पत्र संख्या-26010100005329 उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 205, 202 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 24-4-2026
निरंजन जिंदल/स्व.बाल कृष्ण गुप्ता
**पता: 645,मिस्त्री खाना चना कोठार, कम्पू, ग्वालियर(